ॐ श्री श्याम देवाय नमः

ॐ श्री श्याम देवाय नमः..........
ॐ श्री श्याम देवाय नमः..........
महामंत्र का जाप करो , अपने मन को साफ करो
ॐ श्री श्याम देवाय नमः..........

महामंत्र की कर भक्ति , तुझको मिल जाये शक्ति
आत्म बल बढ़ जायेगा , इससे सरल नही युक्ति
सब को बताओ आप करो , महामंत्र का जाप करो
ॐ श्री श्याम देवाय नमः..........

जब आत्म बल बढ़ जाये , सुख दुख की चिंता छुटे
मोह माया सब मिट जाये , सच्चा सुख फिर तू लूटे
प्रभु से सभी मिलाप करो , महामंत्र का जाप करो
ॐ श्री श्याम देवाय नमः..........

जीवन नैया जब भटके , काम कोई तेरा अटके
इसी मंत्र की कर रटना , मिट जाये सारे खटके
प्रभु सबके संताप हरो , महामंत्र का जाप करो
ॐ श्री श्याम देवाय नमः..........

ऋषि मुनि भी गाते है , इससे सब कुछ पाते है
जो गाये सो पायेगा , अन बोले रह जाते है
मौका है जी धाप करो , महामंत्र का जाप करो
ॐ श्री श्याम देवाय नमः..........

महामंत्र कल्याणी है , वर देता वरदानी है
सर्व शक्ति का पुंज है ये , सबने बात ये मानी है
स्वर में यही आलाप भरो , श्याम सुंदर संग जाप करो

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/16247/title/om-shri-shyam-devaye-namah

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |